## केयर टेकर (Care Taker) की भर्ती की योजना

**केयर टेकर** पद की भर्ती हेतु एक लिखित परीक्षा आयोजित की जावेगी। परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट (वरीयता सूची) बनाई जावेगी।

**परीक्षा की योजना :** लिखित परीक्षा हेतु बहुविकल्पीय प्रकार (MCQ type ) का एक वस्तुनिष्ठ (Objective) प्रश्नपत्र होगा। प्रश्नपत्र में पाठ्यक्रम के निम्नलिखित चार भाग होंगे। जिसके लिए निर्धारित अधिकतम अंक उनके सामने दर्शित है। प्रश्नपत्र का स्तर स्नातक स्तर का होगा। प्रश्नपत्र में प्रश्नो की संख्या 100 होगी तथा अधिकतम पूर्णांक 400 अंक होगा। सभी प्रश्न समान अंकों के होंगे। प्रश्न पत्र की अवधि 2 घंटे की होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक प्रदान किए जाएँगे तथा प्रत्येक गलत उत्तर का 1 अंक काटा जाएगा।

| प्रश्नपत्र का भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या | समय | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|
| भाग-अ | सामान्य हिन्दी | 25 | 2 घंटे | 100 |
| भाग-ब | सामान्य अँग्रेजी | 25 | | 100 |
| भाग-स | सामान्य ज्ञान, राजस्थान के सामान्य ज्ञान सहित | 25 | | 100 |
| भाग- द | तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता | 25 | | 100 |
| | **कुल** | **100** | | **400** |

### पाठ्यक्रम

**भाग-1** **सामान्य हिन्दी** **प्रश्नों की संख्या : 25**
**पूर्णांक : 100**

दिये गये शब्दों की संधि एवं शब्दों का संधि-विच्छेद । उपसर्ग एवं प्रत्यय-इनके संयोग से शब्द- संरचना तथा शब्दों से उपसर्ग एवं प्रत्यय को पृथक करना, इनकी पहचान । समस्त (सामासिक) पद की रचना करना, समस्त (सामासिक) पद का विग्रह करना। शब्द युग्मों का अर्थ भेद। पर्यायवाची शब्द और विलोम शब्द | शब्द शुद्धि - दिये गये अशुद् शब्दों को शुद्ध लिखना। वाक्य शुद्धि - वर्तनी संबंधी अशुद्धियों को छोड़कर वाक्य संबंधी अन्य व्याकरणिक अशुद्धियों का शुद्धिकरण। वाक्यांश के लिए एक उपयुक्त शब्द । पारिभाषिक शब्दावली - प्रशासन से संबंधित अंग्रेजी शब्दों के समक्ष हिन्दी शब्द । मुहावरे - वाक्यों में केवल सार्थक प्रयोग अपेक्षित है। लोकोक्ति - वाक्यों में केवल सार्थक प्रयोग अपेक्षित है।

**भाग-2** **सामान्य अँग्रेजी** **प्रश्नों की संख्या : 25**
**पूर्णांक : 100**

Tenses / Sequence of Tenses. Voice: Active and Passive. Narration: Direct and Indirect. Transformation of Sentences: Assertive to Negative, Interrogative, Exclamatory and vice-versa. Use of |Articles and Determiners. Use of Prepositions, Translation of Simple (Ordinary/ Common) Sentences from Hindi to English and vice-versa. Correction of sentences including subject. Verb, Agreement, Degrees of Adjectives, Connectives and words wrongly used.Glossary of officicial Technical Terms (with their Hindi Versions). Synonyms. Antonyms. One word substitution. Forming new words by using prefixes and suffixes. Confusable words. Comprehension of a given passage. Knowledge of writing letters: Official, Demi Official, Circulars and Notices, Tenders.

**भाग-3** **सामान्य ज्ञान, राजस्थान के सामान्य ज्ञान सहित** **प्रश्नों की संख्या : 25**
**पूर्णांक : 100**

**राजस्थान का इतिहास, कला एवं संस्कृति , साहित्य, परम्पराऍं एवं विरासत :**

- राजस्थान के इतिहास की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएं, प्रमुख राजदंश, उनकी प्रशासनिक व राजस्व व्यवस्था। सामाजिक - सांस्कृतिक मुद्दे
- स्वतंत्रता आंदोलन, जनजागरण व राजनीतिक एकीकरण
- स्थापत्य कला की प्रमुख विशेषताएं, किले एवं स्मारक
- कलाएँ, चित्रकलाऐं एवं हस्तशिल्प
- राजस्थानी साहित्य की प्रमुख कृतियों, क्षेत्रिय बोलिया
- मेले, त्यौहार, लोक संगीत एवं लोक नृत्य
- राजस्थानी संस्कृति, परंम्परा एवं विरासत
- राजस्थान के धार्मिक आंदोलन, संत एवं लोक देवता
- महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल
- राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व

**भारत का इतिहास**

**प्राचीन काल एवं मध्य काल: -**

- प्राचीन एवं मध्यकालीन भारत के इतिहास की प्रमुख विशेषताएँ एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाएं
- कला, संस्कृति, साहित्य एवं स्थापत्य
- प्रमुख राजवंश, उनकी प्रशासनिक सामाजिक व आर्थिक व्यवस्था। सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दे, प्रमुख आंदोलन

**आधुनिक काल : -**

- आधुनिक भारत का इतिहास (18 वीं शताब्दी के मध्य से वर्तनान तक) प्रमुख घटनाएं, व्यक्तित्व एवं मुद्दे।
- स्वतन्त्रता संघर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन- विभिन्न अवस्थाएँ, इनमें देश के विभिन्न क्षेत्रों के योगदान कर्ता एवं उनका योगदान
- 19 वीं एवं 20 वीं शताब्दी में सामाजिक एवं धार्मिक सुधार आन्दोलन
- स्वातंत्रयोत्तर काल में राष्ट्रीय एकीकरण एवं पुनर्गठन

**भारत का भूगोल: -**

- प्रमुख भौतिक विशेषताएं और मुख्य भू-भौतिक विभाजन
- कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियाँ
- ख़निज-लोहा, मैंगनीजे, कोयला, खनिज तेल और गैस, आणविक खनिज
- प्रमुख उद्योग एवं औद्योगिक विकास
- परिवहन - मुख्य परिवहन मार्ग
- प्राकृतिक संसाधन
- पर्यावरणीय समस्याएँ तथा पारिस्थितिकीय मुद्दे

**राजस्थान का भूगोल**

- प्रमुख भौतिक विशेषताएं और मुख्य भू-भौतिक विभाग
- राजस्थान के प्राकृतिक संसाधन
- जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, वन एवं क्न्य जीव-जन्तु एवं जैव-विविधता
- प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं
- ख़ान एवं खनिज सम्पदाएँ

- जनसंख्या
- प्रमुख उद्योग एवं औद्योगिक विकास की सम्भावनाएँ

**भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली**

**संवैधानिक विकास एवं भारतीय संविधानः-**

भास्तीय शासन अधिनियम-1919 एवं 1935, संविधान सभा, भारतीय संविधान की प्रकृति प्रस्तावना (उद्देश्यिका, मौलिक अधिकार, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत, मौलिक कर्तव्य, संघीय ढांचा , संवैधानिक संशोधन, आपातकालीन प्रावधान, जनहित याचिका और न्यायिक पुनरावलोकन।

**भारतीय, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासनः-**

- भारत राज्य की प्रकृति, भारत में लोकतंत्र, राज्यों का पुनर्गठन, गठबंधन सरकारे, राजनीतिक दल, राष्ट्रीय एकीकरण
- संघीय एवं राज्य कार्यपालिका, संघीय एवं राज्य विधान मण्डल, न्यायपालिका
- राष्ट्रपति, संसद, सर्वोच्च न्यायालय, निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, योजना आयोग, राष्ट्रीय विकास परिषद, मुख्य सर्तकता आयुक्त, मुख्य सूचना आयुक्त, लोकपाल एवं राष्ट्रीयमानवाधिकार आयोग
- स्थानीय स्वायत्त शासन एवं पंचायती राज

**लोक नीति एवं अधिकार -**

- लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में राष्ट्रीय लोकनीति
- विभिन्न विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार-पत्र

**सम सामयिक्त घटनाएँ**

- राजस्थान राज्यस्तरीय, राष्ट्रीय महत्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएं एवं मुद्दे
- वर्तमान में चर्चित व्यक्ति एवं स्थान
- खेल एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियां

**भाग-4 तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता प्रश्नों की संख्या : 25**

**पूर्णांक : 100**

**तार्किक दक्षता (निगमनात्मक, आगमनात्मक, अपवर्तनात्मक) –**

- कथन एवं मान्यताएँ, कथन एव तर्क, कथन एवं निष्कर्ष, कथन कार्यवाही
- विश्लेषणात्मक तर्कक्षमता

**मानसिक योग्यता -**

- संख्या श्रेणी, अक्षर श्रेणी, बेमेल छांटना, कूटवाचन (कोडिंग-डीकोडिग), संबंधों, आकृतियों एवं उनके उपविभाजन से जुड़ी समस्याएँ

**आधारभूत संख्यात्मक दक्षता-**

- गणितीय एवं सांख्यकीय विश्लेषण का प्रारम्भिक ज्ञान
- संख्या से जुडी समस्याएँ व परिमाण का क्रम, अनुपात तथा समानुपात, प्रतिशत, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, आंकडो का विश्लेषण (सारणी, दण्ड-आरेख, रेखाचित्र, पाई-चार्ट)

******